राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड।

निर्वाचन/आवश्यक/फैक्स

संख्या 776/रा0नि0आ0-2/786/2008 दिनांक 09/01/2008

प्रेषक,

जे0आर0लापड़,
संयुक्त सचिव,
राज्य निर्वाचन आयोग,
उत्तराखण्ड।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी/
जिला निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड (हरिद्वार को छोड़कर)।

विषय-आगामी त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन-2008 हेतु जनपद स्तर पर निर्वाचन से पूर्व तैयारियों के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन माह मार्च, 2008 में सम्भावित है। इस हेतु सामान्य निर्वाचन से सम्बन्धित जनपद स्तर पर पूर्व तैयारियां किये जाने हेतु आयोग के पत्र संख्या- 744 / रा0नि0आ0-2/786/2007 दिनांक 12.12.2007 द्वारा विभिन्न प्रपत्रों को यथा आवश्यकतानुसार कम्प्यूटर से तैयार करने एवं मुद्रित कराये जाने हेतु भेजे जा चुके हैं।

2. उक्त के अतिरिक्त त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचन-2008 हेतु नाम-निर्देशन पत्रों में कतिपय संशोधन कर नये नाम-निर्देशन पत्र को प्रत्येक पद हेतु एक पुस्तिका के रूप में तैयार कर आयोग के पत्र संख्या-760/रा0नि0आ-2/786/2007 दिनांक 18.12.2007 द्वारा यथा आवश्यकतानुसार मुद्रित कराकर अग्रिम कार्यवाही सम्पन्न कराये जाने हेतु भेजे गये है।

3. उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों के सामान्य निर्वाचनों से सम्बन्धित निर्गत किये गये महत्वपूर्ण आदेशों/निर्देशों का संकलन एक पुस्तिका के रूप में तैयार किया गया है, जिसकी दो-दो प्रति प्रत्येक जनपद को आयोग द्वारा उपलब्ध करायी जा चुकी है।

4. इस सम्बन्ध में राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आयोग द्वारा उपलब्ध कराये गये आदेशों/निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें, साथ ही कतिपय स्थानों पर अंकित **'उत्तरांचल'** के स्थान पर **'उत्तराखण्ड'** अंकित/पढ़ा जाय।

भवदीय,

ह0.

(जे0आर0लापड़)
संयुक्त सचिव।

क्रमशः.........2

संख्या-776(1)/रा0नि0आ0अनु0-2/786/2007 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि- समस्त प्रभारी अधिकारी, पंचास्थानि चुनावालय, (हरिद्वार को छोड़कर) उत्तराखण्ड को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

ह0.

(जे0आर0लापड़)

संयुक्त सचिव।